# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / पी0जी0 / 2022 / 899 लखनऊःदिनांक 18 अप्रैल 2022

## यू0पी0 नीट पी0जी0–2021 के मॉप–अप राउन्ड हेतु संशोधित समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश

राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा) तथा डी0एन0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| क्रंस | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन **(एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा)** की तिथि | दिनांक 19 अप्रैल 2022 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 21 अप्रैल 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) तक |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन **(डी0एन0बी0)** की तिथि | दिनांक 19 अप्रैल 2022 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 21 अप्रैल 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) तक |
| 3 | मेरिट लिस्ट (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0) जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 21 / 22 अप्रैल 2022 |
| 4 | राजकीय मेडिकल कालेजों की एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 27 अप्रैल 2022 |
| 5 | राजकीय मेडिकल कालेजों / चिकित्सालयों की डी0एन0बी0 सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 28 अप्रैल 2022 |
| 6 | निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 29 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तक |
| 7 | प्रवेश लेने की तिथि | आवंटन की तिथि को ही ऑन स्पॉट प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission |

1. मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 2,000 / – (रू0 दो हजार मात्र) पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग / डेबिड कार्ड / केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेब–साईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
2. एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0 पाठ्यकम की कांउसिलिंग हेतु पृथक–पृथक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 05 अप्रैल 2022 से 08 अप्रैल 2022 के मध्य आयोजित मॉप–अप राउण्ड (जो स्थगित कर दिया गया था) हेतु पूर्व में एन0आई0सी0 की वेब–साईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण कराया जा चुका है, उन्हे पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।
4. **पूर्व में मॉप–अप राउण्ड हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों तथा नवीन पंजीकृत अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए संयुक्त मेरिट सूची वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी।**
5. मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा। **अभ्यर्थी दिनांक 27 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे एवं अग्रेत्तर तिथियों में पूर्वान्ह् 10:00 बजे रिपोर्ट करेगे।**
6. मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
7. यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
8. ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में नीट पी0जी0–2021 के माध्यम से प्रवेशित है वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
9. **राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000 / – (रू0 तीस हजार मात्र) तथा निजी क्षेत्र की एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा की सीटों हेतु रू0 2,00,000 / – (रू0 दो लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash ) में नही जमा की जायेगी।**
10. ऐसे अभ्यर्थी, जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व की काउंसिलिंग से जमा है, उन्हे पुनः सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही है।

11. मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
12. **निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय में क्लीनिकल सीटों हेतु शिक्षण शुल्क रू0 20.00 लाख तथा पैथालॉजी पाठ्यकम हेतु रू0 8.00 लाख का बैंक ड्राफ्ट** जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, आवंटन के समय के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।**
13. शासनादेश दिनांक 08.12.2021 के द्वारा निर्धारित सिक्योरिटी शुल्क, हास्टल शुल्क न्यूनतम रू0 8.00 लाख का **सी0टी0एस0** बैंक ड्राफ्ट जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
14. निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित मेडिकल कालेज अथवा **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 के खाते में** On Spot **ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य होगा।**
15. **उक्त दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 07.10.2021 तथा ब्रोशर में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुये मॉप–अप राउन्ड सम्पन्न किया जायेगा।**
16. मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध रहने तक ही की जायेगी।
17. अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**महानिदेशक**